23वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर फेंसिंग प्रतियोगिता

चर्चा में क्यों?

26 से 28 मार्च, 2022 तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित जैनम मानस भवन में 23वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रमुख बिंदु

- प्रतियोगिता के बालक वर्ग में ओवरआल का खिताब हरियाणा और बालिका वर्ग में खिताब कर्नाटक ने जीता।
- प्रतियोगिता के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन महेंद्र सिंह छाबड़ा ने विजेताओं को पुरस्कार एवं मेडल वितरित किये।
- प्रतियोगिता के फाइनल इवेंट के बालिका वर्ग में विजेता एवं उपविजेता क्रमश: मणिपुर और महाराष्ट्र बने, जबकि तीसरे स्थान पर तमिलनाडु एवं हरियाणा रहे। इसी प्रकार बालक वर्ग में विजेता एवं उपविजेता क्रमश: हरियाणा और मणिपुर बने, जबकि तीसरे स्थान पर पंजाब एवं महाराष्ट्र रहे।
- प्रतियोगिता के सेबर इवेंट के बालक वर्ग में विजेता एवं उपविजेता क्रमश: तमिलनाडु और दिल्ली बने, जबकि तीसरे स्थान पर पंजाब एवं हरियाणा रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग में विजेता एवं उपविजेता क्रमश: दिल्ली और हरियाणा बने, जबकि तीसरे स्थान पर पंजाब एवं मणिपुर रहे।
- सब-जूनियर फेंसिंग प्रतियोगिता के एपी इवेंट के बालिका वर्ग में विजेता कर्नाटक, उपविजेता महाराष्ट्र और तीसरे स्थान पर तमिलनाडु एवं हरियाणा रहे। इसी प्रकार बालक वर्ग में विजेता हरियाणा, उपविजेता मणिपुर और महाराष्ट्र एवं जम्मू-कश्मीर को तीसरा स्थान मिला।
- बालक वर्ग में ओवरआल हरियाणा प्रथम स्थान, मणिपुर द्वितीय, तमिलनाडु तृतीय, पंजाब चतुर्थ और दिल्ली पाँचवें स्थान पर रही। इसी तरह बालिका वर्ग में ओवरआल कर्नाटक प्रथम, मणिपुर द्वितीय, हरियाणा तृतीय, महाराष्ट्र चतुर्थ और तमिलनाडु पाँचवें स्थान पर रहा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/23-rd-national-sub-junior-fencing-competition